दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

सूचना

दिनांक 18.08.2020

सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रैड रिबन क्लब के द्वारा दिनांक 20.08.2020 को ऑनलाइन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 20 वैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएंगें। इन वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर आपको एक घण्टे की समय सीमा में देने हैं। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का लिंक आपको दिनांक 20.08.2020 को प्रातः 10:00 बजे तक Groups में भेज दिया जाएगा। प्रतियोगिता का समय प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक रहेगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्तवना स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से e-certificate दिए जाएंगें।

प्रतियोगिता के विषयः–

I. Youth Engaged for Global Action

II. HIV/AIDS

III. COVID-19

19/08/020.

प्राचार्या

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

रैड रिबन क्लब
डॉ0 दीपा
डॉ0 सोनिया
डॉ0 आरती अग्रवाल
डॉ0 रूकमेश
श्रीमती सरोज
कु0 कामिता
कु0 गरिमा
कु0 ज्योति
कु0 अनु

Scanned with CamScanner

पंजाब केसरी
बुधवार WEDNESDAY 26 अगस्त 2020

प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं। (अरोड़ा)

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ईशनीत प्रथम

कुरुक्षेत्र, 25 अगस्त (विनोद अरोड़ा): दयानन्द महिला महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में डा. दीपा व डा. सोनिया के कुशल निर्देशन में रैड रिबन क्लब द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोविड–19 आदि विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए।

प्रतियोगिता का पहला चरण में विभिन्न संकायों की 226 छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रथम चरण में 58 छात्राओं को अंतिम चरण की प्रश्नोत्तरी के लिए प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का दूसरे एवं अंतिम चरण का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में लिए गए निम्नतम समय के आधार पर प्रथम स्थान ईशनीत, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान काजल बी.ए. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कोमल बी.एस.सी. प्रेथम वर्ष ने प्राप्त किया। अंकिता बी.ए. तृतीय वर्ष एवं दिव्या बी.ए. तृतीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में इतनी बड़ी संख्या एवं उत्साहपूर्वक भाग लेना ही अपने आप में युवा पीढ़ी के जोश का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

Scanned with CamScanner

दैनिक जागरण पानीपत, 25 अगस्त, 2020

प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में ईशनीत रही प्रथम

जासं, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला कालेज में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर डा. दीपा व डा. सोनिया के कुशल निर्देशन में रेड रिबन क्लब की ओर से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम चरण में पास हुए 58 छात्राओं ने द्वितीय व अंतिम चरण में भाग लिया जिसमें छात्रा-ईशनीत प्रथम; काजल द्वितीय व कोमल तृतीय रही। वहीं छात्रा अंकिता व दिव्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

Scanned with CamScanner